**प्रेस नोट**

**दिनांक 19.03.2026**

# पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा देवी पंडालों व ईदगाह स्थलों का निरीक्षण किया गया। ।

आज दिनांक 19.03.2026 को पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत स्थापित देवी पंडालों एवं ईदगाह स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदया द्वारा पर्वों के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था एवं पुलिस बल की तैनाती का गहनता से जायजा लिया गया।

महोदया द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी आयोजनों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु सतर्क दृष्टि बनाए रखें, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखें तथा ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस कर्मी पूर्ण सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



